Nobody is certain about it, but math is simply part of us even people without mathematical training can use their finger to count, can use basic logics solve things and can recognise different properties.

Mathematics is logical, fun and challenging, mathematics is challenging to the mind

Mathematics is an adventure!

(Name Chaitanya, class 8 B)

Celebration of Important Days

Republic Day

Girls Troop Marching During Independence Day

Women's Day Celebration

Celebration of International Yoga Day

Celebration & Innaugration of Annual Day

Celebration of Children Day

Celebration of Quit India Movement Day

Celebration of Sports Day

Observance Vigilance Awareness Week

हिन्दी विभाग

हिन्दी अनुभाग

क्र. सं0	शिर्षक	लेखक
1	माँ की प्यारी सीख	सलोनी प्रिया (X B)
2	गर्मी की छुट्टीयाँ	अंजली कुमारी (X A)
3	जिन्द्रगी	मीतराज सिंह (IX A)
4	लॉकडाउन के फायदे	निशांत गुप्ता (IX A)
5	वीर जवानों की कुर्बानी	सात्विक राज (IX A)
6	पिता जी का इंटरव्यू	सृजिका भट्ट (X B)
7	अनसुनी बुराई	सृष्टि कुमारी (X B)
8	इंसानीयत	सुहानी (IX A)
9	लॉकडाउन में भारत	श्वेतांशु चौहान (IX A)
10	मन की बात	विक्की राज (X B)
11	माँ	सिमि सिंह (X A)
12	अगर बचना है कोरोना से	हर्षित सिंह
13	प्यारे पापा	सृजिका भट्ट
14	कोरोना महामारी	अन्नया (VIII A)
15	माँ	काजल (X A)
संस्कृत अनुभाग		
1	छात्रजीवने	प्रिय रघुवंशी-VI A, कोमल कुमारी -VIII B अदिति कुमारी-VIII B
2	संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणचेतना	श्रुति जायसवाल टी.जी.टो (संस्कृत)

माँ की प्यारी सीख

चेतन अपनी माँ के साथ एक बहुत अच्छे घर में रहता था। वह बहुत अच्छा लड़का था। और सदा अपनी माँ का कहना माना करता था। चेतन की माँ बहुत अच्छे पकवान बनाती थी। चेतन को पकवान खाना बहुत पसंद था। एक दिन चेतन की माँ ने बहुत बढ़िया कुकीज बनाकर, एक बड़े जार में रख दिया और फिर बाजार चली गई। बाजार जाने से पहले चेतन की माँ उसको कह गई थी कि अपना गृह कार्य समाप्त करने के बाद वह कुकीज खा सकता है। चेतन बहुत खुश हुआ। उसने जल्दी से अपना गृह कार्य समाप्त करके, अपनी माँ के लौटने से पहले ही कुकीज खानी चाही। इसलिए वह एक स्टूल पर चढ़ गया। फिर उसने जार के अंदर हाथ डालकर ढेर सारी कुकीज निकालने की कोशिश की, पर जार के मुंह छोटा होने के कारण वह अपने हाथ बाहर नहीं निकाल सका। उसी समय उसकी माँ बाजार से लौट आई। जब उसने चेतन को देखा तो वह हंसने लगी और अपने बेटे चेतन से कहा– केवल दो या तीन कुकीज हाथ में पकड़ कर हाथ बाहर निकालो! माँ की बात मान कर, जब उसने सिर्फ दो कुकीज हाथ में पकड़ी, तब वह अपना हाथ आसानी से बाहर निकाल सका। तब उसकी माँ ने प्यार से कहा– ऐसा करने से तुम्हें क्या सीख मिली? चेतन ने कहा– मैंने सीखा है कि किसी भी चीज का लालच अच्छी बात नहीं है। हमें हर चीज उतनी ही लेनी चाहिए जितनी हमें जरूरत हो।

नाम – शलोनी प्रिया

कक्षा – 10 ''ब''

वे गर्मी की छुट्टियां

गर्मी की छुट्टियों का आनंद तभी आता है जब हम खूब सारी आइसक्रीम खाएं नानी से मिलने उनके घर जाएं और नानी अंजली कह कर गोद में उठा कर झूम उठे कहे कि मेरी लाडली आ गई। हमें नानी खूब सारी कहानियां सुनाएं हम उन से अपनी सारी बातें कहें और हम खूब सारी बातें करें या फिर हम कहीं दूर घूमने जाएं अपने परिवार के साथ खूब मस्ती करें नई- नई चीजें देख नई--नई चीजे सीखें। परंतु इस साल हम कुछ नहीं कर पाए क्योंकि पूरे भारत देश में कोविड19 का संक्रमण फैला हुआ है। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉक डाउन की घोषणा की है । जिसमें कोई भी व्यक्ति बिना किसी कारण घर से नहीं निकल सकता । हर वर्ष हमें स्कूल से कॉपी पर लिखकर होमवर्क मिला करता था । परंतु इस वर्ष हमें व्हाट्सएप पर मैसेज कर होमवर्क मिले और सभी बच्चों ने होमवर्क कर शिक्षकों को फोटो खींचकर भेजा। ना ही इस गर्मी की छुट्टी में हमें आइसक्रीम खाने मिले क्योंकि कोरोना के कारण ठंडी चीजें खाना मना हो चुका था। इस साल तो हमें पता भी नहीं चला और कब गर्मी की छुट्टियां चली ही गई।।

अंजली कुमारी।।

कक्षा – 10 ''ब''

जिंदगी

तू जिंदगी को जी,

उसे समझने की कोशिश ना कर,

सुन्दर सपनो के ताने बाने बून,

उसमे उलझने की कोशिश ना कर,

चलते वक्त के साथ तू भी चल,

उसमे सीमटने की कोशिश ना कर,

अपने हाथो को फैला, खुल के साँस ले,

अंदर ही अंदर घुटने की कोशिश ना कर,

मन मे चल रहे युद्ध को विराम दे,

खामखाँह खुद से लड़ने की कोशिश ना कर,

कुछ बाते भगवान पर छोड़ दे,

सब कुछ खुद सुलझाने की कोशिश ना कर,

रास्ते की सुन्दरता की लुत्फ़ उठा,

मंजिल पर जल्दी पहुचने की कोशिश ना कर,

बस जिन्दी को समझ के जी.....

Meet Raj Singh

9th A

लॉकडाउन के फायदे

हमारा देश इन दिनों एक महामारी का सामना कर रहा है। इस महामारी का नाम कोरोना है। इसे कोविड 19 भी कहा जाता है। इस महामारी में घर से नहीं निकलने के सरकार के आदेश हैं। इसे लॉक डाउन कहा जा रहा है।

हम सभी इस समय घर पर ही रहे। परिवार के साथ हमने बहुत सारे अच्छे अच्छे काम किए।

1.सबसे पहले तो हमने सुबह उठकर व्यायाम और योगा करने की आदत डाली।

2. फिर हमने घर के गमलों में लगे पौधों के बारे में अपने दादाजी से जाना।

3.हमने हर दिन पौधों को पानी दिया।

4.हमने घर में रह कर देखा कि हमारी मां कितने सारे काम करती है,हमने उनसे बहुत सारी बातें सीखी।

5.हमने सुबह उठ कर घर की साफ सफाई को देखा और झाड़ू लगाना सीखा।

6.हमने देखा कि सुबह उठ कर दादी जी पूजा करती है, हमने उनसे सुबह की प्रार्थना सीखी।

7.स्कूल के दिनों में हम जो खेल नहीं खेल पाते थे, घर में रह कर हमने वो खेल सीखे।

8. हमने अपनी चीजों को व्यवस्थित रखना सीखा।

9.हमने बेकार हो गई चीजों से काम का सामान और खिलौने बनाना सीखा।

10.हमने कई अच्छी किताबें पढ़ीं जो हमें नैतिक शिक्षा देती है। लॉक डाउन में हमने जाना कि कैसे घर में रहकर बहुत सारे काम किए जाते हैं।

निशांत गुप्ता

कक्षा नवम् -'अ'

वीर जवानों की कुर्बानी

वीर जवानों की शहादत पर गूंज रहा था ,

सारा देश ,वही भगत सिंह थे ,वही राजगुरु और वही थे सुखदेव,

भारत माता की आजादी की खातिर, धरे थे न जाने उन्होंने कितने ही भेष

लहूलुहान हुई जा रही थी भूमि अपनी और बादलों मे छाई हुई थी लालिमा

आजादी आजादी के स्वरों से गूंज रहा था जहाँ-,

इन वीर शहीदों की कुर्बानी से आँखे सबकी भर आई थी ,

जब देश के खातिर उन्होंने अपनी कीमती जान गंवाई थी ,

वो कल भी थे वो आज भी है

अस्तित्व उनका अमर रहेगा ।

SATWIK RAJ GARG

9 A

पिता जी का इंटरव्यू

सृजिका : आप का जन्म कब और कहां - हुआ था?

पिताजी : मेरा जन्म 24 मार्च को गांव में हुआ था।

सृजिका : आप कुल मिलाकर कितने भाई - बहन हैं?

पिताजी : हम कुल मिलाकर चार बहन एक - भाई है

सृजिका : क्या आप सबसे छोटे थे -, या सबसे बड़े थे?

पिताजी : मैं सबसे छोटा था। मेरी चार बड़ी बहन है।

सृजिका : क्या गांव में स्कूल हुआ - करती थी?

पिताजी : जिस गांव में मैं रहता था उस गांव में स्कूल नहीं थी। हमारे बगल के गांव में स्कूल हुआ करता था।

सृजिका : क्या स्कूल जाने में कठिनाइयां होती थी -?

पिताजी : कठिनाईयां होती थी क्योंकि हमें दूसरे गांव तक का सफर पैदल तय करना पड़ता था।

सृजिका: आगे की - पढ़ाई के लिए कहां गए थे?

पिताजी : आगे की पढ़ाई के लिए रांची गया था।

सृजिका : पढ़ाई में आपको किसका सहयोग अधिक मिला?

पिता जी : पढ़ाई में सहयोग पिताजी से मिला।

सृजिका : क्या बे बचपन में शैतान थे-?

पिताजी : मैं बहुत शैतान था। मुझे बहुत मार पड़ती थी।

सृजिका : बचपन में कौन से खेल खेलत थे?

पिताजी : बचपन में भागम–भाग, गिल्ली डंडा, छुपन–छुपाई खेलते थे।

सृजिका : जब आप रांची गए तो आपको गांव के मुकाबले शहर अच्छा लगा?

पिताजी : गांव के मुकाबले मुझे रांची पसंद आया।

सृजिका : रांची क्यों पसंद आया -, कुछ विशेषताएं?

पिताजी : मुझे रांची इसलिए पसंद था क्योंकि

रांची में आनेजाने की सुविधा भी थी-

रांची में हर चीज आसानी से मिल जाती थी

रांची में गांव से ज्यादा अच्छे मकान थे

रांची की सड़के भी बहुत अच्छी थी

सृजिका : आपकी जॉब कब लगी -?

पिताजी : मेरी जॉब 22 साल पर लग गई थी।

सृजिका : क्या जॉब लगने की खुशी थी -?

सृजिका : आपको किन चीजों में ज्यादा रुचि थी -?

पिताजी : मुझे फोटोग्राफी में ज्यादा रूचि थी।

सृजिका भट्ट ,**Class-X-B**

लघुकथा-:'अनसुनी बुराई'

एक बार स्वामी विवेकानंद रेल से सफर कर रहे थे। वह जिस डिब्बें में सफ़र कर रहे थे।उसी डिब्बे में कुछ अंग्रेज यात्री भी सफ़र कर रहे थे।उन अंग्रेजों को साधुओं से बहुत चिढ़ थी। वह साधुओं की भरपेट निंदा करते थे।वह साधुओं को बुरा भला कह रहे थे। उनकी सोच यह थी कि साधु अंग्रेजी नहीं जानते हैं और वह उनकी बात नहीं समझते होंगे। इसलिए अंग्रेजों ने आपसी बातचीत में साधुओं को बुरा कहा। हालांकि उन दिनों की हकीकत भी थी कि अंग्रेजी बोलने वाले साधु होते भी नहीं थे।

रास्ते में एक बड़ा स्टेशन आया। उस स्टेशन पर विवेकानंद के स्वागत में हजारों लोग उपस्थित थे, जिनमें विद्वान एवं अधिकारी भी थे। यहां उपस्थित लोगों को संबोधित करने के बाद अंग्रेजी में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर स्वामी जी अंग्रेजी में ही दे रहे थे। इतनी अच्छी अंग्रेजी बोलते देखकर अंग्रेजों को मानो जैसे सांप ही सूंघ गया हो,जो रेल में उनकी बुराई कर रहे थे। अवसर मिलने के बाद विवेकानंद के पास आए और उनसे विनम्रता पूर्वक पूछाआपने हम लोगों की बात सुनी।-

और आपने बुरा माना होगा?

स्वामी जी ने सहज शालीनता से कहा मेरा मस्तिक अपने ही कार्यों में इतना व्यस्त था कि आप सभी लोगों की बात सुनी भी और उन पर ध्यान देने या बुरा मानने का अवसर ही नहीं मिला। विवेकानंद जी का यह जवाब सुनकर अंग्रेजों का मस्तिष्क शर्म से झुक गया और उन्होंने उनके चरणों में झुक कर शिष्यता स्वीकार कर ली।

क्हानी से सीख – हमें सदैव अपने लक्ष्य पर ध्यान देन चाहिए।

नाम–सृष्टि कुमारी

कक्षा दशम-'ब'

इंसानियत

एक बार की बात है किसी गाँव में एक पंडित रहता था| वैसे तो पंडित जी को वेदों और शास्त्रों का बहुत ज्ञान था लेकिन वह बहुत ग़रीब थे| ना ही रहने के लिए अच्छा घर था और ना ही अच्छे भोजन के लिए पैसे|एक छोटी सी झोपड़ी थी, उसी में रहते थे और भिक्षा माँगकर जो मिल जाता उसी से अपना जीवन यापन करते थे|एक बार वह पास के किसी गाँव में भिक्षा माँगने गये, उस समय उनके कपड़े बहुत गंदे थे और काफ़ी जगह से फट भी गये थे|



जब उन्होने एक घर का दरवाजा खटखटाया तो सामने से एक व्यक्ति बाहर आया, उसने जब पंडित को फटे चिथड़े कपड़ों में देखा तो उसका मन घ्रणा से भर गया और उसने पंडित को धक्के मारकर घर से निकाल दिया, बोला गंदा पागल चला आया है पता नहीं कहाँ से। पंडित दुखी मन से वापस चला आया, जब अपने घर वापस लौट रहा था तो किसी अमीर आदमी की नज़र पंडित के फटे कपड़ों पर पड़ी तो उसने दया दिखाई और पंडित को पहनने के लिए नये कपड़े दे दिए|

अगले दिन पंडित फिर से उसी गाँव में उसी व्यक्ति के पास भिक्षा माँगने गया| व्यक्ति ने नये कपड़ों में पंडित को देखा और हाथ जोड़कर पंडित को अंदर बुलाया और बड़े आदर के साथ थाली में बहुत सारे व्यंजन खाने को दिए| पंडित जी ने एक भी टुकड़ा अपने मुँह में नहीं डाला और सारा खाना धीरे धीरे अपने कपड़ों पर डालने लगे और बोलेले खा और खा -|

व्यक्ति ये सब बड़े आश्चर्य से देख रहा था, आख़िर उसने पूछ ही लिया कि पंडित जी आप यह - क्या कर रहे हैं सारा खाना अपने कपड़ों पर क्यूँ डाल रहे हैं|

पंडित जी ने बहुत शानदार उत्तर दिया -क्योंकि तुमने ये खाना मुझे नहीं बल्कि इन कपड़ों को दिया है इसीलिए मैं ये खाना इन कपड़ों को ही खिला रहा हूँ, कल जब में गंदे कपड़ों में तुम्हारे घर आया तो तुमने धक्के मारकर घर से निकाल दिया और आज तुमने मुझे साफ और नये कपड़ों में देखकर अच्छा खाना पेश किया| असल में तुमने ये खाना मुझे नहीं, इन कपड़ों को ही दिया है, वह व्यक्ति यह सुनकर बहुत दुखी हुआ|

मित्रों, किसी व्यक्ति की महानता उसके चरित्र और ज्ञान पर निर्भर करती हैं पहनावे पर नहीं| अच्छे कपड़े और गहने पहनने से इंसान महान नहीं बनता उसके लिए अच्छे कर्मों की ज़रूरत होती है| यही इस कहानी की प्रेरणा है|

Suhani, Class-9th B

लॉकडाउन में भारत

आज पूरा विश्व इस कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ रहा हैं। इस खतरनाक वायरस ने कई लाख लोगों की जान ले ली और अभी इसकी तादाद बढ़ रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इसके खिलाफ बहुत जल्दी निर्णय लिया और देश में संपूर्ण लॉकडाउन लगाया। हमारे देश में जब केवल 700 कोरोना मरीज़ थे तभी मोदी जी ने लॉकडॉउन लगा दिया क्योंकि वह यह बात जानते थे कि आगे चलकर ये वायरस कितना खतरनाक साबित हो सकता हैं। लेकिन कुछ लोग अभी भी घरों से बाहर निकाल रहें और नियमों का उल्लंघन के रहें हैं और देश में कोरोना मरीज़ की संख्या बढ़ाने में मदद कर रहें हैं जिसके कारण वर्ष आज हमारे देश में लगभग 10,000 कोरोना मरीज़ प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। आज अमेरिका इटली जैसे देशों ने भी इस वायरस के सामने हार चुके हैं और उनके देशों में लगभग 70 से 80 लाख कोरोना के मरीज़ हैं और वो दिन भी दूर नहीं जब उन देशों के साथ भारत भी गिना जा सकता हैं। और ऐसा भी मैं नहीं कह रहा कि हम इस महामारी से बच नहीं सकते बस कुछ चीजों का हमें ध्यान रखना होगा और हमारा देश कोराना से मुक्त हो जाएगा। इसके लिए हमने अपने हाथों को बारबार साबुन से अच्छे से धोना होगा-,लोगों 2 गज की दूरी बनाकर रखनी होगी, और अपनी इम्यूनिटी स्ट्रांग करनी होगी। अगर इस वायरस को हरा दिया दुनिया में हम ये साबित कर देंगे की भारत केवल युद्ध में ही नहीं बल्कि सभी चीजों में किसी भी देश को हरा सकता हैं।

अतः घर में रहें सुरक्षित रहें।

Shwetanshu Chauhan, Class-IX-A

मन की बात

कोरोना के कारण मार्च से स्कूल बंद है| बाजार भी पूर्णतः बंद थे पर अब सीमित समय के लिए बाजार खुल रहे हैं| हम बच्चे घरों में कैद हैं बाहर से जंक फूड फास्ट फूड सख्त मना है| मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मैं जंक फूड और फास्ट फूड नहीं खाता हूं| मन करता है तो घर में बनवा कर खा लेते हैं| हां एक बात और है मेरे घर में कभी कभी कुछ खास पकवान और मिठाइयां बना-ली जाती हैं इसलिए मुझे प्रायः बाहर की खाना खाने को मन ही नहीं करता| इस कोरोना महामारी में इन चीजों को लेकर कोई परेशानी नहीं है रही बात पढ़ाई लिखाई होने की निसंदेह यह गंभीर चिंता का विषय है कि हमारे स्कूल कब खुलेंगे? हमें अपने शिक्षकों से आमने –सामने ज्ञान प्राप्त

करने का मौका कब मिलेगा। भला शिक्षकों के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन के बिना हमारा सार्वभौमिक विकास कैसे होगा? क्या ऑनलाइन पढ़ाई के माध्यम से समुचित विकास संभव है? मुझे दुख है कि हमारे विद्यालय कई माह से बंद है और निकट भविष्य में विद्यालय खुलने की संभावना कम है। कोरोना महामारी ने सब को घरों में कैद रहने पर विवश कर दिया है। बच्चो ऑनलाइन क्लास से सिलेबस पूरा कर रहे हैं हमें कहीं टॉपिक पर ऐसा महसूस होता है कि हमोर शिक्षकों के बिना यह विषय वस्तु समझ में नहीं आएगा फिर भी हम ऑनलाइन माध्यम से क्लास कर रहे हैं। मैं दशम् वर्ग का विद्यार्थी हूं अगले वर्ष मार्च महीने में होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। जब से स्कूल बंद हुआ है मैं कई पेंटिंग बनाई है और घर में अपने छोटे भाई को भी मैंने ट्यूशन दिया है लेकिन मुझे तो अपने परीक्षा की तैयारी हेतु विद्यालय के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन की जरूरत महसूस हो रही है। कोरोना संकट जल्द खत्म हो जाए ताकि हमारा स्कूल जल्द खुल जाए और हम फिर से अपने विद्यालय जा सके। मुझे मेरे विद्यालय की बहुत याद आती है।

विक्की राज , XB

माँ

आँखें खोलू तो मेरी माँ मेरे पास हो,

आँखें बंद करू तो माँ का अहसास हो

मैं मर भी जाऊँ तो कोई गम नहीं

मेरो कफन पर आँचल मेरी माँ का हो।

माँ तुम सब से प्यारी हो,

इस जग में सब से न्यारी हो।

तेरे चरणों में हैं दुनियां सजी,

दिल मे तेरी मुश्कान बसी।

तेरी हर एक डांट याद है मुझे,

समेट रखा हूँ अपनी यादों में।

गोद में तेरे सो जाऊँ

अपना बचपन वापस ले आऊं।

Name- Simi Singh

Class-Xth A

अगर बचना है कोरोना से

अगर बचना है कोरोना से
तो रहना होगा घर में
क्या मिलेगा तुमको, घूम कर शहर में।

अगर बचना है कोरोना से,
तो धोते रहो हाथ,
वरना चले जाओगे छोड़कर, तुम हमारा साथ।

अगर बचना है कोरोना से
तो पहन के रहो मास्क
वरना चले जाओगे छोड़कर तुम जिन्दगी का साथ।

अगर जितना है कोरोना से
तो दो मोदी जी का साथ
राहुल गांधी, सोनिया गांधी नहीं
कर पाएंगे तुमको इस कोरोना से आजाद।

सब साथ में रहे घर में बंद
ले ना कोई टंशन
अगर इतना ही शौख है घूमने का
तो ए! मेरे दोस्त जाके देख लंदन।।

हर्षित सिंह

प्यारे पापा

पापा हर फर्ज निभाते है।
जीवन भर कर्ज चुकाते है
बच्चे की एक खुशी के लिए
अपने सुख भूल ही जाते है।
फिर क्यों ऐसे पापा के लिए
बच्चे कुछ कर नहीं पाते है
ऐसे सच्चे पापा को क्यों
पापा कहने में सकुचाते है
पापा का आशीष बनता है
बच्चों का जीवन सुखदाई
पर बच्चें भूल ही जाते है
यह कैसी आंधी है आई,
जिसने सब कुछ सिखलाया है,
कोटि नमन ऐसे पापा को
जो हर पल साथ निभाया है
प्यारे पापा के प्यार भरे
सीने से जो लग जाते है
सच कहती हूँ विश्वास करो
जीवन में सदा सुख पाते है।

Name- Srijika Bhatt

Class – 10th B

कोरोना महामारी



कितने खौफनाक मंजर हैं,
यहाँ तबाही के
फंसी हुई है दुनिया सारी,
चारों ओर महामारी है।
कैसा खौफनाक मंजर है
गलियां सूनी, सड़कें सूनी
रमें हुए है अपने ही घर
खुद ही खुद सब लगाके धूनी
दुकानों पर माल नहीं हैं
कैसी तो यह लाचारी है
चारों ओर महामारी है।
वायरस चूस रहे हैं
इंसानों का संचित जीवनरस
मास्क पहन कर धूम रहे है हम
देखो किस–किस की बारी है,
चारों ओर महामारी है।

नाम – अनन्या
वर्ग– 8 'अ'

माँ

जब आँख खुली तो माँ की
गोद का सहारा था।
उनका नन्हा सा आंचल मुझको
मेरी जान से भी प्यारा था।
मेरे चेहरे की झलक देख
उनका चेहरा फूलों सा खिलता था।
मेरी एक मुस्कान देख
उनको जीवन मिलता था।
उंगली को पकड़ कर चलाया था
पठने विद्यालय भेजा था।
मेरी हर गलती को माफ कर
मुझे सीने से लगाया था।
अपने सपनों का महल गिरा कर
मेरे सपनों को सजाया था।
वह माँ की दुआ से, आज
वक्त तो क्या, मेरा नसीब भी बदला था।

Name- Kajal

Class-Xth A

संस्कृत विभाग

छात्रजीवने

भाविजीवने सुखार्थमेव छात्रजीवने परिश्रमः क्रियते। छात्रैः नियमितं भोजनं भक्षणीयम्, नियतं च व्यायामेन शरीर पोषणीयम् आलस्यं त्यक्त्वा अध्ययनं कर्तव्यम्। तेन शोभनविचारमयानि पुस्तकानि पठितव्यानि, शोभनविचारमयानि नाटकानि चित्राणि च द्रष्टव्यानि, शोभनविचारमयानि गीतानि श्रोतव्यानि गातव्यानि च। अनेन चित्तशुद्धिर्भवति चित्तं च कार्यात् न विचलति। अतएव छात्रस्य सुवर्णावसरस्य सदुपयोगः कर्तव्यो न च नाशयितव्यः कालः। यद्यस्मिन् काले छात्राः संयमेन, तपसा, परिश्रमेण नियमपूर्वकं कार्यं कुर्वन्ति, सत्यमाचरणं कुर्वन्ति, गुरूणामादरं कुर्वन्ति, आलस्यं च त्यजन्ति तदा सकले जीवने ते कदापि विफला न भविष्यन्ति। नायं कालः सुखमुपभोक्तुम्। केवलं सुखमिच्छता परिश्रमेण विना विद्या न लभ्यते सर्वविधो विकासश्च न भवति। अत एवोच्यते–

सुखार्थी चेत्त्यजेद्विद्या विद्यार्थी चेत्त्यजेत् सुखम।

सुखार्थिनः कुतो विद्या कुतो विद्यार्थिनः सुखम्।।

प्रिया रघुवंशी

षष्ठ "अ"

श्लोक

1. अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
   चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।

   अर्थः– जो व्यक्ति अपने माता पिता को नित्य प्रणाम करता है तथा बड़े बुढ़ो की सेवा करता है, उसे व्यक्ति की आयु, विद्या, यश और बल ये चार अपने आप बढ़ती है।

2. यं मातापित्रौ क्लेशं सहेते समभ्वे नृणाम्।
   न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि।।

अर्थः– मनुष्य के जन्म के समय जो कष्ट माता पिता सहते है, उसे कष्ट का प्रतिफल सौ वर्षों में भी नहीं चुकाया जा सकता।

3. तयोर्नित्यं प्रियं कुर्यादाचार्यस्य च सवर्दा।
तेष्वेव त्रीषू तुष्टषु तपः सर्वं समाप्यते।।

अर्थः– उन दोनों (माता–पिता) तथा गुरू का सदैव प्रिय करना चाहिए। उन तीनों के संतुष्ट होने पर हमारी सभी तपस्याओं पर समाप्त हो जाती है। अर्थात् हमें हमारी सभी तपस्याओं का फल मिल जाता है।

कोमल कुमारी
अष्टम 'ब'

अष्टादशपुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम्।
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्।।

विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्ये कदाचन्।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते।।

एकेनापि सुपुत्रेण सिंही स्वपिति निर्भयम्।
सहैव दशभिः पुत्रैः भारं वहति गर्दभी।।

अदिति कुमारी
अष्टम 'ब'

संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणचेतना

संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणचेतनेति प्रस्तुत विषयो विद्यते।वाक्यार्थज्ञानं प्रति पदार्थज्ञानस्य कारणतया संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणचेतनेति वाक्यार्थज्ञानं प्रति का नाम चेतना किं नाम संस्कृतसाहित्यं इति जिज्ञासा सुतरां श्रोतृजनमनसि उदिता भवति।

पर्यावरण नाम उक्तग्रन्थेषु प्रतिपाद्यविषये पर्यालोचनरूपेण सम्यक् ज्ञानं सम्पादनं चेतनात्व नाम् अनुभूतिकरणम्।उपलब्धसंस्कृतवाङमये पर्यावरणज्ञानं नाम विषयस्य परिज्ञानमित्येव संस्कृतसाहित्ये पर्यावरणचेतना इति निबन्ध-शीर्षकस्य अर्थः अनुभूयते मया।

वेदार्थधर्मस्य यज्ञदानं-तपः-कर्मणः सम्यक्तया संसाधनं तदा भवति यदा देवता-द्रव्याङ्गोपाङ्गविधिपूर्वकप्रयोगो भवति।साङ्गोपाङ्ग-यागाख्य-धर्मानुष्ठानेन प्रयोजनसिद्धिप्रतिपादनात् वेदार्थं धर्मार्थं यागविधेङ्गपरितः रक्षणमेव पर्यावरणं वेदेषु प्रतिपादिता रमाख्या यागक्रिया तस्याः एकेनापि अङ्गेन न्यूनता भविष्यति तदा अङ्गहीनत्वेन अविधिपूर्वकत्वात् फलशून्यतया विध्यात्मकपर्यावरणखण्डितत्वेन विकृतेति ज्ञायते।अर्थात् साङ्गोपाङ्गयागक्रिया दानक्रिया तपःक्रिया सम्यक् अनुष्ठिता सति पर्यावरणभूषितेति।मन्यतां केनचित् अङ्गेन न्यूनाधिक्यतां गता पर्यावरणदूषिता सती।फलशून्या प्रतिकूलफल-दायिनी वा इति अनुभूयताम्।

एवं वेदस्य शिरोभागो वेदान्तः, तत्र पञ्च-भौतिकास्थूलजगतः जागद अवस्थावतः पञ्चज्ञाने-द्रिय-पञ्चकमेंन्द्रिय-पञ्चप्राण-मनोबुद्धयात्मक-स्वप्ना-वस्थावत् सूक्ष्मशरीरजगतः मूलप्रकृतिरूप ईश्चरेच्छादिकारणात्मकस्य मायास्वरूपस्य चैतन्यो-पाधिस्वरूपस्य यत् उपपादनं विशालरूपेण उप-लभ्यते।तत्र आनन्दमय-विज्ञानमय-मनोमय-प्राणमयात्रमयाख्यकोषचतुष्टयप्रतिपादनं दृश्यते।तत्र समष्टिजगतः व्यष्टिजगतः पर्यावरणंस्वरूपं कोषचतुष्टयरूपेण सुसम्यक् अनुभूयते।एतेषां चतुर्णां कोषानां व्यष्टिरूपेण भौतिकाध्यात्मिक-साधनेन अर्थात् सामदानादिना अन्नपानादिना च साधनेन रक्षायां सत्यां प्रत्येकमानवः शरीरेण मनसा बुद्धया च स्वस्थो भविष्यति।एवञ्च भौतिक-समष्टि-जगतः पृथिवी जलाशयः वनप्रभृति-प्राकृतानां स्थूलपदार्थानां संरक्षणमेव समष्टिकोषचतुष्टय-पर्यावरणाख्यस्य सम्यक् सुसंरक्षणं भविष्यति।

पर्यावरणशब्दार्थः परितः आवरणम्, अर्थात् सर्वतः धारणमेव कोषशब्दस्यापि अर्थः कोषवत् आच्छादकम् अतः यत् कोषचतुष्टयं वेदान्तशास्त्रे प्रतिपादितं यदाश्रितः सन् अयमात्मा सर्वमनुभवति।तदैव कोषचतुष्टयं पर्यावरणं वक्तुं शक्यते।तस्य सम्यक् रक्षणं भुक्ति-मुक्तिदायकं समीचीनम्।

।।जयतु संस्कृतम्।।

श्रुति जायसवाल, टी जी टी संस्कृत।

Art Corner

KALI KUMARI VIII A
ISHANI KUMARI VI A
PRIYANSHU KUMARI VII B
HARSHIT RAJ VI A

ARYAN RAJ VI A
Simi Singh XA
SONALI VII A

SONALI VII A

KHUSHI KUMARI X A

SAKSHI KUMARI VI A

RITIK ROSHAN VII B

STAY HOME
STAY HEALTHY
OME STEPS TO FIGHT AGAINST CORONA
WASH YOUR HAND
CLOSE YOUR MOUTH
AVOID CROWDING
DON'T TOUCH

AYUSHI

DOCTOR

Stay At Home
Stay Safe

NAMAN KUMAR VII B

KHUSI KUMARI VI

DEMO WORK IN LOCKDOWN BY TGT (AE)

ONLINE TEACHING DURING PANDEMIC



Online PTM




ccm-fgtm-nxz
Nisha Barnwal

hgc-iwga-eah
RIDHIKA RAJ joined
16 others


video (3).mp4




(8)
Shailesh Kumar Shrivastva (You)
KAJAL KUMARI
ANAND RAJ
ANSHIKA KUMARI


You
(28)
I'm sister of Rohit kumar 12th PCM group.
Raushan Pandey 14 mins
मै रौशन पांडेय की मम्मी हूं।
CHANDRA PRAKASH TIWARI 5 mins
Khusboo Rai unmute yourself, please
Raja you too
Kumar Raja 5 mins
Good morning sir
Main Raja kumar
Send a message to everyone here


(14)
Narendra Upadhyay (You)
SHIVNARAYAN RAI
ANISH RAY
Also in the meeting (10)

(24)
Ritika Kumari
Rohit Rajvardh
Sandhya Kumari 10th B
SURYA PRAKASH CHAUH...
Tanishk Mishra
NEW


BIOLOGY LAB
(8)
Ritika Kumari-12-2537 (You)
SHAILESH KUMAR SHRIVAST...
SHAILESH KUMAR SHRIVAST...
Gayatri kumari CLASS -XII 2621
Others in the meeting (4)
Anshu Sharma 12,2624

Online Celebration of Teacher's Day

Offline Teaching with Social Distancing

Press Release

बच्चों पर अधिक महत्वाकांक्षा न लादें अभिभावक : डीएम

सहारा न्यूज ब्यूरो
आरा।

केंद्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्री कुशवाहा डीडीसी अंशुल अग्रवाल और श्रीमती शिवानी सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

प्राचार्य डॉ सीमा प्रधान ने स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। जिसमें बताया गया कि विद्यालय निरंतर विकासउन्मुख है और नई उपलब्धियों को प्राप्त कर रहा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रतियोगिता के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय के 13 बच्चों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराना, शैक्षणिक स्तर बोर्ड परिणाम में 100% रिजल्ट व इस विद्यालय के छात्र रोहित राज जिला टॉपर बनने के साथ ही विद्यालय में लैंग्वेज लैब के द्वारा बच्चों में अंग्रेजी बोलने का प्रशिक्षण एक अपने आप में मिसाल है। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति में कई कार्यक्रम प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि जिला पदाधिकारी श्री कुशवाहा ने कहा कि विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चों को देखकर उन्हें अपने बचपन की यादें तरोताजा हो गई। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को यह संदेश दिया कि माता-पिता अपने बच्चों के ऊपर अधिक महत्वाकांक्षा नहीं लादें, कि बचपन की बेल यूं ही सूख जाए। इस बचपन को यूंही झूमते सहेजने हेतु विद्यालय प्रबंध के साथ तन्मयता से खड़े होने व विद्यालय को और अधिक सुविधाएं जुटाने में हर संभव सहयोग हेतु आश्वासन दिया। श्रीमती शिवानी सिंह एवं डीडीसी अंशुल अग्रवाल ने सत्र के विजेताओं एवं विशिष्ट उपलब्धि वाले बच्चों और शिक्षकों को सम्मानित किया। डीडीसी श्री अग्रवाल ने बच्चों के कार्यक्रम की तारीफ करते हुए विद्यालय को साधुवाद दिया कि बच्चों के चारित्रिक विकास एवं व्यक्तित्व में तरह-तरह के अवसर देता है। कार्यक्रम के दौरान 200 बच्चों ने नृत्य, नाटिका, गायन और शास्त्रीय नृत्य के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। डा प्रधान ने कहा कि ऐसे विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हैं साथ ही साथ उनमें आत्मविश्वास पैदा करते हैं जो जीवन संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के माहौल में बच्चों को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में प्रो वीरेंद्र प्रसाद, डॉ विजय श्री, माउंट लिट्रा, आरएनएस, डीपीएस और ज्ञान ज्योति के प्राचार्य और डायरेक्टर भी उपस्थित थे।

केंद्रीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्रा को सम्मानित करते डीएम रोशन कुशवाहा व अतिथि।

केंद्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह

जीवन में पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक : शशांक

आरा (एसएनबी)। केंद्रीय विद्यालय आरा का वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उपविकास आयुक्त शशांक शुभंकर ने किया। इस अवसर पर श्री शुभंकर ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी आवश्यक है।

क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिस्क का वास होता है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में कुछ करने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है। छात्र वीर विक्रम सिंह मशाल लेकर दौड़ शुरु किया, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण कोरिया में सॉफ्ट टेनिस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। क्रीड़ा शिक्षक गोपाल कुमार के नेतृत्व में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक स्तर पर गुलाब दौड़ में आदित्य कुमार, रौनक, चॉकलेट दौड़ में आदित्य कुमार, अविनाश कुमार विद्यालय चलो प्रतियोगिता में आदित्य सिंह, आद्या कुमारी, बोरी दौड़ में सन्या, निशा कुमारी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रही। जबकि माध्यमिक स्तर पर 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में मनीष कुमार, नंदन कुमार, बालिका वर्ग में अंचला कुमारी, सुनीता कुमारी अन्य प्रतियोगिताओं में अनामिका, निकिता, अमृता, आराधना क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त की।

कार्यक्रम में प्राचार्य सीमा प्रधान ने कहा कि अपने क्षेत्र में सफल व्यक्तियों की उपस्थिति से प्रतियोगियों का हौसला आफजाई होता है। उन्होंने कहा कि खेल जीत के साथ हारना सिखाती है क्योंकि हार के बाद जीत के प्रति आकर्षण और उसे प्राप्त करने के लिए प्रयास के प्रति समर्पण की जरुरत पड़ती है। मौके पर डॉ. एस.के.रूंगटा, वीरेंद्र यादव, रितेश चौरसिया, सीपी तिवारी, देवी प्रसाद, एस.पी. चौहान, बी.पी. गुप्ता, सूर्यकांत सिंह, मनोज कुमार सिंह, भगवान गुप्ता आदि शामिल थे।

मशाल जलाते डीडीसी शशांक शुभंकर व अन्य।

वार्षिकोत्सव : सांसें हो रहीं कम, आओ वृक्ष लगायें हम..

आरा | हिन्दुस्तान प्रतिनिधि

शहर के ज़ीरो माइल स्थित केंद्रीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। उद्घाटन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह डीएम रोशन कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि शिवानी सिंह, डीडीसी अंशुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

सांसें हो रहीं कम, आओ वृक्ष लगायें हम...स्वच्छता का इरादा कर लिया हमने...और खान-पान में हरी सब्जियों के महत्व के थीम पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से स्वच्छता, पौधरोपण व जंक फूड छोड़ने का संदेश दिया गया। इसके अलावा पेरेंट्स ...ग, राजस्थानी नृत्य और भांगड़ा की प्रस्तुति से ...डाल झूम उठा। संचालन नौवीं के छात्र खलफ जमाल व छठी की छात्रा प्रतिष्ठा ने मनमोहक अंदाज में किया।

प्राचार्या ने प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट : विद्यालय की प्राचार्या डॉ सीमा प्रधान ने अतिथियों के स्वागत के बाद वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रतियोगिता के तहत केंद्रीय विद्यालय के 13 बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया। खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर पर पांच बच्चों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक मिला व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सॉफ्ट टेनिस में परचम लहराया। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता स्पॉट में केंद्रीय विद्यालय आरा के दो बच्चों का चयन, स्काउट व गाइड में दो बच्चों को राज्य स्तर पर सम्मानित होना है। बोर्ड के रिजल्ट में सौ फीसदी रिजल्ट व विद्यालय के छात्र रोहित राज जिला टॉपर हुआ। विद्यालय में लैंग्वेज लैब द्वारा बच्चों में अंग्रेजी बोलने व सुनने की ट्रेनिंग सहित अन्य उपलब्धियों को रखा गया।

विद्यालय के सौ बच्चों को किया गया पुरस्कृत : अतिथियों ने सत्र के विजेताओं, विशिष्ट उपलब्धियों वाले बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव में लगभग दो सौ बच्चों ने नृत्य, नाटिका, गायन व शास्त्रीय नृत्य में प्रस्तुति दी व लगभग सौ बच्चों को अतिथियों ने पुरस्... किया। मौके पर विवि के प्रो वीरेंद्र ... शिवपरसन सिंह, महिला कॉलेज की ... विजयश्री, माउंट लिटरा, आरएनएस डीपी... ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय के प्राच... डायरेक्टर मौजूद थे।

आरा केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थी को सम्मानित करते डीएम व अन्य। • हिन्दुस्तान

केन्द्रीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में हरी सब्जियों का महत्व दिखाया गया

पटना, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2019 | 18

सिटी रिपोर्टर | आरा

केंद्रीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। शुभारंभ डीएम सह विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रोशन कुशवाहा, डीडीसी अंशुल अग्रवाल, शिवानी सिंह व प्राचार्य डा सीमा प्रधान ने किया। संबोधित करते डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। अच्छी शिक्षा देना शिक्षक, शिक्षिका व अभिभावकों की जिम्मेवारी है। इस विद्यालय के प्रतिभाशाली बच्चो को देखकर उन्हें अपने बचपन की यादें तरोताजा हो गई। डीडीसी अंशुल अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से बच्चे इतने अच्छे सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रस्तुत किया है। वह काबिले तारीफ है। इन बच्चों में काबिलियत बहुत है, सिर्फ इन्हे निखारने की जरूरत है। मौके पर छात्र व छात्राओं ने सांसे हो रही कम, आओं वृक्ष लगाये हम, स्वच्छता का इरादा कर लिया हमने और खान-पान में हरी सब्जियों के महत्व के थीम पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या डा सीमा प्रधान ने कहा कि यह विद्यालय निरंतर विकासोन्मुख है और नई उपलब्धियों को प्राप्त कर रहा है। मौके पर 200 बच्चों ने नृत्य, नाटिका, गायन व शास्त्रीय नृत्य के द्वारा अपनी प्रस्तुती दी व लगभग 100 बच्चों को डीएम, डीडीसी ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर वीकेएसयू के प्रोफेसर बिरेन्द्र प्रसाद, शिवपरसन सिंह, महिला कॉलेज की डा विजयश्री, ज्ञान ज्योति आवासीय विद्यालय, माउंट लिट्रा, आरएनएन व डीपीएस के निदेशक व प्राचार्य मौजूद थे।

आरा-केन्द्रीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बच्चों को पुरस्कृत करते डीएम

केंद्रीय विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत

इधर, आरा केंद्रीय विद्यालय का भी रिजल्ट शत-प्रतिशत है। विद्यालय से 12वीं परीक्षा में कुल 25 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इसमें सभी विद्यार्थी पास हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार गोविंद नारायण कुमार सिंह ने 443 अंक के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि दूसरे स्थान पर आराधना के 434 अंक और तीसरे स्थान पर ऋतिक राज के 414 अंक हैं। हालांकि इस विद्यालय में फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा नहीं ली गयी है। बिना इस परीक्षा के ही रिजल्ट जारी हुआ है।

राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे केवि के 19 खिलाड़ी

आरा | निज संवाददाता

खेलकूद

- पांच बालिका खिलाड़ियों का भी हुआ चयन
- योगा में सुहानी और अर्चना करेंगी प्रदर्शन

शहर के समीप जीरो माइल स्थित केन्द्रीय विद्यालय में संभागीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के 46 बच्चों ने भाग ले अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न मैचों में 19 खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर अपने-अपने वर्ग में विपक्षी टीम के खिलाड़ियों का हरा दिया।

विजेता खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वालों में खो-खो से तीन खिलाड़ी मनीष कुमार, रवि शंकर सिंह व रवि कुमार शामिल हैं। योगा से सात खिलाड़ी अशुतोष पांडेय, अमित कुमार सिंह, अंकित कुमार, अविनाश कुमार, सक्षम कश्यप, सुहानी कुमारी व अर्चना पांडेय शामिल हैं। लॉन टेनिस में दो खिलाड़ी वीर विक्रम व कुमार अचिंत्य शामिल हैं। टेबल टेनिस में मात्र एक खिलाड़ी संजीव कुमार का और रोप स्कीपिंग में छह उम्दा प्रदर्शन करने वालों का चयन हुआ है। पीयूष कुमार सिंह, राज कुमार सिंह, अंशु प्रिया, सृष्टि प्रिया, अनुष्का व कशिश का चयन हुआ है।

आरा केंद्रीय विद्यालय में विजयी खिलाड़ियों को मेडल पहनाती प्राचार्य।

अगलगी में लाखों की संपत्ति जली

ट्रेन हादसे के बाद आरा में भी अप

दैनिक भास्कर | आरा Page 1

आयोजन • केन्द्रीय विद्यालय में किशोर अवस्था की धारणा विषय पर हुई संगोष्ठी

नासमझी के कारण दुर्गुणों अपनाते हैं किशोर दोस्ताना व्यवहार कर काउंसिलिंग करें पैरेंट्स

सिटी रिपोर्टर | आरा

केंद्रीय विद्यालय में किशोर अवस्था के बच्चों के मन में होने वाले गलत धारणाओं को निवारण के लिए काउंसिलिंग पर आधारित संगोष्ठी हुई। महिला चिकित्सक डॉ.सविता रुंगटा, शिशु विशेषज्ञ डॉ.मधुकर प्रकाश एवं साइकोलॉजिस्ट काउंसलर प्रोफेसर लतिका वर्मा को आमंत्रित किया गया था।

कक्षा- सातवीं से बारहवीं तक छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कक्ष में गोष्ठी आयोजित की गई। स्वागत संबोधन में प्राचार्य डॉ. सीमा प्रधान ने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों को उलझन और गलत धारणाओं में फंसने से उनका शरीर और मन स्वस्थ दिशा में अग्रसर नहीं हो पाता है। इसी संधि-समय में किशोर कई गुणों और दुर्गुणों को ग्रहण कर लेते हैं और फिर वे उन्हें आजीवन नहीं छोड़ पाते हैं। इसलिए समय पर इसका निदान जरुरी है। डॉ.सविता रूंगटा ने बच्चे व बच्चियों को किशोरावस्था के मन में कई जिज्ञासा व उलझन होती है। असमंजस के समय में अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना चाहिए। डॉ.मधुकर प्रकाश ने मानसिक व शारीरिक संतुलन स्थापित करने के उपाय बताया। प्रो.लतिका प्रकाश ने कहा कि वास्तव में किशोरावस्था में बच्चों से संतुलित व्यवहार कर सकने की कला हर अभिभावक के वश की बात नहीं है। मौके पर सूर्यकांता सिंह, चंद्र प्रकाश तिवारी, बीपी गुप्ता, शिव आशीष शुक्ला, एन शंकर, डॉली सिंह, इंदु कुमावत, राकेश कुमार, गरिमा भारद्वाज थे।

केंद्रीय विद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में बच्चों को टिप्स देते वक्ता।

सेन्ट्रल स्कूल में टीकाकरण की शुभारम्भ

सहारा न्यूज ब्यूरो
आरा।

केन्द्रीय विद्यालय जीरो माईल में आज खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गयी, जिसका उद्घाटन श्रम अधीक्षक सह बड़हरा प्रखंड प्रभारी पदाधिकारी राकेश रंजन ने की। इस अवसर पर करीब पॉच सौ बच्चों का टीकाकरण किया गया।

मौके पर उदवन्तनगर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मदन नारायण सिंह, डॉ. नीरज रहतोगी, इन्द्रेश कुमार, संजीव कुमार, अनन्त नारायण तिवारी, एचएम. श्रीमती सूर्यकान्ता सिंह, चन्द्रप्रकाश तिवारी, बी.पी.गुप्ता, एन.शंकर, श्रीमती डॉली सिंह एवं नर्स मीता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

टीकाकरण की शुभारम्भ करते अतिथि।


Strength does not come from physical capacity. It comes from an indomitable will.
Mahatma Gandhi


LET'S
DEFEAT THE
CORAVANA


Fight Against Corona
SONALI VII A
KHUSHI KUMARI X A


Hard times may have held you down, but they will not last forever. When all is said and done, you will be increased.
Joel Osteen